**Need to establish a new Kendriya Vidyalaya in Farrukhabad Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh -Laid**

श्री मुकेश राजपूत **(फर्रूखाबाद) :** मैं शिक्षा मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूँ कि मेरे लोकसभा क्षेत्र फर्रुखाबाद में एक अन्य केन्द्रीय विद्यालय प्रस्तावित है । जिसकी भूमि भी फर्रुखाबाद शहर से मात्र चार किमी दूर पिपरगाँव में चयनित हो चुकी है । परन्तु अभी तक प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिली है । अतः माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में एक केन्द्रीय विद्यालय के नव निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान करनें की कृपा करें । जिससे कि मेरे क्षेत्र के प्रतिभावान छात्रों को एक अन्य केन्द्रीय विद्यालय की कमी महसूस न हो ।